राष्ट्रीय विद्युत पारेषण निगम का कार्यकरण

*190. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय विद्युत पारेषण निगम ने कार्य करना शुरु कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसे कौन-कौन से कार्य और उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं ;

(ग) क्या निगम ने देश में पारेषण में होने वाली विद्युत की बर्बादी को कम करने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

(क) राष्ट्रीय विद्युत पारेषण निगम (एनपीटीसी) द्वारा विभिन्न केन्द्रीय विद्युत उत्पादन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से पारेषण (ट्रांसमिशन) एवं सम्बद्ध प्रणाली से सम्बन्धित कार्य सोपानबद्ध रूप से हाथ में लिए जायेंगे । राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के पारेषण एवं सम्बद्ध उपकेन्द्रों के प्रबन्ध सम्बन्धी कार्य एनपीटीसी द्वारा 16-8-1991 से सम्भाल लिए गये हैं ।

(ख) एन०पी०टी०सी०, केन्द्रीय क्षेत्र में स्थित सभी पारेषण प्रणालियों एवं सम्बद्ध उपकेन्द्रों के प्रचालन, अनुरक्षण तथा निर्माण सम्बन्धी कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा परन्तु इस सम्बन्ध में उसके द्वारा राज्य बिजली बोर्डों के साथ समुचित समन्वय रखते हुए कार्य किया जायेगा ताकि केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत उत्पादन स्रोतों से अधिक मात्रा में प्राप्त विद्युत को सम्बन्धित क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों को विश्वसनीय, सुरक्षामत्क एवं मितव्ययी रूप से सप्लाई किया जा सके ।

(ग) और (घ) देश में उच्च वोल्टता डायरेक्ट करंट (एच वी डी सी), 800 के0वी0 प्रणाली, अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्क्षेत्रीय सम्पर्क जैसी नई प्रौद्योगिकियां लागू किये जाने के फलस्वरूप पारेषण हानियों में कमी की जा सकेगी ।

Joint sector product for manufacturing: Terephthalic Acid and Aromaties

@*198A. SHRI V. GOPALSAMY:
SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased-to state:

(a) whether it is a fact that a Joint Sector Project for manufacturing purified Terephthalic Acid and Aromaties (Orthoxylene and Benzene) is still pending for final clearance by the Cabinet Committee on Economic Affairs even though the second stage of approval was accorded by the Public Investment Board; and

(b) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) The Government is reviewing the matter.

@Previously Starred Question 151, transferred from 5th September, 1991.